# कार्यालयः जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, बरेली।

पत्रांकः व0स0(रा0–2)/ 568-70 /2022–24 दिनॉकः 22 /01/2024

प्रबन्धक,
नेशनल पब्लिक स्कूल मण्डनपुर,
विकास खण्ड–बहेडी, बरेली

विषयः विद्यालय भवन के नेशनल बिल्डिंग कोड के मानकों के अनुरूप होने सम्बन्धी प्रमाण–पत्र विषयक।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक अपने पत्र दिनांक 16.12.2023 जोकि **नेशनल पब्लिक स्कूल मण्डनपुर विकास खण्ड– बहेडी, बरेली** को बेसिक शिक्षा विभाग से **अग्रेजी माध्यम की कक्षा 6 से 8 तक** की मान्यता हेतु विद्यालय के भवन की जॉच कराते हुए नेशनल बिल्डिंग कोड के मानकों के अनुरूप होने सम्बन्धी प्रमाण–पत्र निर्गत किए जाने का अनुरोध किया गया है।

उक्त के परिप्रेक्ष्य में तत्पश्चात कार्यवाही के कम में मुख्य विकास अधिकारी महोदय द्वारा विद्यालय भवन की जॉच हेतु अधिशासी अभियन्ता, लोकनिर्माण विभाग, निमार्ण खण्ड भवन, बरेली को नामित करते हुए जॉच आख्या उपलब्ध कराए जाने के निर्देश दिए गए। तदुपरान्त सहायक अभियन्ता, निमार्ण खण्ड भवन, लो0नि0वि0, बरेली के **पत्र सं0: 55/कैम्प–1/दिनॉकः 01.02.2024** के माध्यम से उपरोक्त भवन की जॉचोपरान्त विद्यालय भवन के एन0बी0सी0 कोड के मानकों के अनुरूप होने सम्बन्धी प्रेषित प्रमाण–पत्र/आख्या प्रदत्त निर्देशों के अनुकम में मूल रूप में पत्र के साथ संलग्न कर आवश्यक कार्य वाही हेतु प्रेषित है।

संलग्नकः उक्तवत्।

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी
बरेली।

पृ0सं0: व0स0(रा0–2)/ /2023–24 तददिनॉक।

प्रतिलिपिः निम्नलिखित अधिकारियों की सेवा में सूचनार्थ प्रेषित।

1–मुख्य विकास अधिकारी महोदय, बरेली।

2–अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड भवन, लोक निर्माण विभाग, बरेली।

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी,
बरेली।

Shikha
Principal
National Public School
Affiliated To C.B.S.E New Delhi
Baheri (Bareilly)

Scanned with OKEN Scanner

# कार्यालय सहायक अभियन्ता

## प्रान्तीय खण्ड, लो०नि०वि०, बरेली

पत्रांक : 55/Camp I दिनांक : 01/02/2024

सेवा में,

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी
बरेली।

विषय : नेशनल बिल्डिंग कोड के मानकों के अनुसार प्रमाण पत्र देनें के सम्बन्ध में।

सन्दर्भ : आपका पत्रांक –ब0स0(रा–2)/1141–13/2023–24 दिनांक 11.01.2024

महोदय,

उपरोक्त विषयक संदर्भित पत्र के क्रम में अवगत कराना है कि नेशनल पब्लिक स्कूल, मण्डनपुर, विकास खण्ड–बहेड़ी, बरेली के विद्यालय भवन का निरीक्षण किया गया। स्थलीय निरीक्षण में अवगत कराया गया कि उक्त भवन का निर्माण वर्ष 2012--13 मे कराया गया है, जो वर्तमान में प्रथम तल स्तर तक निर्मित है। यह भी अवगत कराना है कि उक्त स्कूल भवन के प्रबन्धक द्वारा नोटरी पर दिये गये शपथ पत्र एवं संलग्न अन्य तकनीकी प्रमाण पत्रों के दृष्टिगत विद्यालय भवन का सम्पूर्ण निर्माण कार्य AR. B.N. KHANNA B.Tech. (Hons) M.I.E. Reg.No.144/1988 CLASS-1, ENGINRING & ARCHITECTURAL CONSULTANT PANEL VALUERS L.I.C, GOVT. APPROVED, 197-A, DHANVANTRI MARG, OPP. DHARAM DUTTA VAIDYA, IZATNGAR, BAREILLY-243122 के दक्ष तकनीकी स्टाफ की देख–रेख में नेशनल बिल्डिंग कोड मे प्राविधानित मानकों का पूर्ण अनुपालन करते हुए भवन निर्माण में प्रयुक्त सामग्री का तकनीकी परीक्षण उपरान्त प्रारम्भ से वर्तमान स्थिति तक कराया गया है। भवन स्वामी द्वारा दिये गये शपथ–पत्र, आर्किटेक्ट द्वारा निर्गत प्रमाण पत्र तथा स्थल निरीक्षण के क्रम में उक्त भवन के अब तक कराये गये निर्माण एन0बी0सी0 मानकों के अनुरूप प्रतीत होता है। लो0नि0वि0 द्वारा पूर्वनिर्मित भवन सामग्री का परीक्षण नहीं किया जा सकता। अतः उक्त के आधार पर अब तक निर्मित भवन एन0बी0सी0 मानको के अनुरूप होने का प्रमाण पत्र निर्गत किया जाता है। शासन द्वारा समय–समय पर जारी नेशनल बिल्डिंग कोड के अन्तर्गत नियमों का पालन करना स्वयं भवन स्वामी को सुनिश्चित करना होगा।

संलग्नक : AR. B.N. KHANNA B.Tech.
(Hons) M.I.E. Reg.No.144/1988
CLASS-1, ENGINRING & ARCHITECTURAL
CONSULTANT PANEL VALUERS
L.I.C, GOVT. APPROVED,
197-A, DHANVANTRI MARG,
OPP. DHARAM DUTTA VAIDYA,
IZATNGAR, BAREILLY-243122 द्वारा दिया गया प्रमाण पत्र एवं अन्य सभी प्रपत्र

सहायक अभियन्ता
प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, बरेली

पत्रांक : / दिनांक : / /

प्रतिलिपि : अवर अभियन्ता(प्रा0ख0)/श्री शिवशंकर, अमीन, प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, बरेली को सूचनार्थ प्रेषित।

Principal
National Public School
Affiliated To C.B.S.E New Delhi
Baheri (Bareilly)

सहायक अभियन्ता
प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, बरेली

Scanned with OKEN Scanner